तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बालको ने डिजिटल तकनीक से स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग को दी नई दिशा



## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यालय अटल स्मृति भवन का सीएम करेंगे भूमिपूजन



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी का नवीन जिला कार्यालय अटल स्मृति भवन का भूमिपूजन 2 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया जाएगा। यह भवन लगभग 1 एकड़ 68 डिसमिल भूमि पर पुलिस लाइन के सामने रिसदी रोड पर बनाया जाएगा, जिसकी लागत लगभग 3 करोड़ रुपये है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### बजट से पहले तम्बाकू उत्पादों की कीमत में उछाल

**कोरबा।** जिले में केन्द्र सरकार से पहले ही तंबाकू उत्पादों के थोक व्यापारियों ने सिगरेट, गुटखा, गुड़ाखू सहित अन्य तंबाकू उत्पाद के दाम बढ़ा दिए हैं। एक तरह से पुराने दर पर खरीदे गए सामानों की बिक्री में कालाबाजारी की जा रही है। इसका सीधा असर बजट से पहले ही उपभोक्ताओं की जेब पर पढ़ने लगा है। तंबाकू उत्पाद के थोक विक्रेताओं के द्वारा प्रति पैकेट में 10 से 50-80 रुपये तक की वृद्धि कर दी गई है, जिसकी वजह से चिल्हर विक्रेता दुकानदारों के द्वारा भी पैकेट के साथ-साथ प्रति नग के दर पर बिक्री किए जाने वाले सिगरेट, गुटखा गुड़ाखू व अन्य तंबाकू उत्पादों के दाम बढ़ा दिए गए हैं। आम उपभोक्ताओं की जेब पर 2 से लेकर 8 रुपए तक का भार बढ़ गया है।

### मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम का आयोजन

**हरदीबाजार।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के ग्राम पंचायत कोरबी के छुईहापारा में मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के कांग्रेसी उपस्थित थे मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने अपने उद्बोधन में मनरेगा मजदूरों को कहा कि हम सभी एक जुटकर हो करके हम सभी मनरेगा को बचाएंगे। पहले सभी गांवों में पलायन के लिए बाहर दूसरे प्रदेशों में काम करने के लिए परिवारों के साथ हमारे गांवों से बाहर जाते थे। इसी को देखते हुए कांग्रेस शासन के समय मनरेगा का शुभारंभ किया गया था।

### फॉर्म-7 बना लोकतंत्र को कुचलने का हथियार : मनोज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के नाम पर मतदाता सूची से नाम विलोपन का संगठित षड्यंत्र सामने आया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण मनोज चौहान ने कहा है कि फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर विशेष रूप से अल्पसंख्यक, ओबीसी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है, जो सीधे-सीधे लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर शहर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के संज्ञान में ऐसे अनेक मामले आए हैं, जहाँ संबंधित मतदाता को जानकारी दिए बिना, उनकी अनुमति के बिना, फर्जी नाम व हस्ताक्षर लगाकर फॉर्म-7 प्रस्तुत किए गए। यह न केवल चुनावी नियमों का उल्लंघन है। एसआईआर की आड़ में कुछ ताकतें यह तय करना चाहती हैं कि कौन वोट देगा और कौन नहीं। यह सोच लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है।

# तीन माह से आवास की तीसरी किश्त लेने चक्कर काट रहे पहाड़ी कोरवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पीएम जन मन योजना अंतर्गत पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों के पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवारों को झोपड़ी मुक्त पक्का आवास बनाने के लिए आवास योजना लागू की गई थी। इस योजना से दो किश्त लेकर आवास बनाने वाले पहाड़ी कोरवा परिवार तीसरे किश्त के लिए जनपद और जिला पंचायत का चक्कर काट रहे हैं। वहीं जिन व्यवसायियों से निर्माण सामग्री खरीदी गई थी उनके द्वारा पहाड़ी कोरवा परिवारों पर भुगतान के लिए दबाव भी बनाया जा रहा है।

समय पर शासकीय योजनाओं की राशि की किश्त मिलना मुश्किल भरा काम हो जाता है। हितग्राहियों का चयन कर उनकी नाम सूची शासन को भेजी जाती है और उसके बाद उनके नाम से बैंक खाते में राशि जारी की जाती है। ऐसी ही शासकीय योजनाओं में एक पीएम जन मन आवास योजना है जिसकी शुरुआत वर्ष 2024 में हुई थी और उसके बाद से जनजाति क्षेत्रों में पक्का मकान बनाए जाने के लिए कार्ययोजना बनाकर पीएम जन मन योजना से तीन किश्त में राशि जारी करने के नियम से पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को पहली किश्त में 60 हजार और दूसरी किश्त में 40 हजार रुपए की राशि जारी करने के बाद हितग्राहियों ने मार्केट से सामान की खरीदी कर निर्माण कार्य शुरु कर मकान तो तैयार किए लेकिन वह भी आधे अधूरे हैं। तीसरी किश्त नहीं मिलने के कारण हितग्राहियों के शेष कार्य शुरु नहीं हो पा रहे हैं। 1 लाख रुपए की राशि से ही निर्माण सामग्री की खरीदी कर आवास तो बनाया गया लेकिन तीसरी किश्त नहीं मिलने से बाजार से उधार में खरीदी गई निर्माण सामग्री का भुगतान व्यवसायियों को नहीं किए जाने के कारण शेष निर्माण कार्य के लिए व्यवसायियों से निर्माण सामग्री का मिलना बंद हो गए हैं। तीन किश्त मिलाकर 1 लाख 80 हजार रुपए की राशि जारी होना है और वह भी पूरी नहीं हो सकी है।

## पीएम जन मन योजना से बन रहे हैं जनजाति क्षेत्रों में आवास

**खास बातें**

- दो किश्त में निर्माण शुरू किया, भुगतान के लिए दबाव झेल रहे व्यवसायियों का



### 492 आवासों का होगा निर्माण

पीएम जन मन आवास योजना अंतर्गत जिले के पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में लगभग 492 आवासों का निर्माण किया जाना है। जिनमें सर्वाधिक आवास कोरबा और करतला विकासखंड में किया जाएगा। इन दोनों विकासखंड में पिछड़ी संरक्षित जनजाति परिवारों की संख्या अन्य विकासखंड की तुलना में सर्वाधिक है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में बिरहोर जनजाति कोरबा ब्लॉक की तुलना में अधिक है। वहीं पाली ब्लाक में भी बिरहोर परिवारों की बाहुल्यता है। सभी क्षेत्रों में आवास निर्माण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है।

## धान खरीदी केंद्रों से 20 दिन से धान का उठाव है बंद

# खरीदी केंद्रों में हजारों क्विंटल धान जाम, सूखत की भरपाई करेगी समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते 20 दिन से धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव नहीं होने के कारण

**खास बात**

- खरीदी बंद होने के बाद भी उठाव के लिए नहीं हुए आदेश

हजारों क्विंटल धान समितियों में जाम पड़ा है और अब तेज धूप के कारण धान में सूखत आना तय हो गया है। ऐसी स्थिति में जितने क्विंटल धान का शार्टेज होगा उसकी भरपाई समिति से की जाएगी। अब तक धान उठाव के लिए कोई आदेश नहीं होने से समिति प्रबंधकों में चिंता व्याप्त हो गई है।

जिले में इस वर्ष 27 लाख 38 हजार 120 क्विंटल धान की खरीदी हुई है और अब तक केवल आधे धान का ही उठाव हुआ है। करोड़ों रुपए का धान अभी भी खुले आसमान के नीचे पड़ा है और शासन की ओर से अब तक उठाव के नए आदेश जारी नहीं होने से बड़े धान उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान को रखने के लिए अलग से जगह किराया पर लेना ⏭ शेष पेज 3 पर



फाइल फोटो

### 8 हजार 990 किसान नहीं बेच सके धान

इस साल धान खरीदी के लिए कुल 52 हजार 566 किसानों नए एग्रिस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराया था।जिसमें से 8 हजार 990 (17.10 फीसदी) किसान उपार्जन केंद्र में धान ही नहीं बेच सके। गत वर्ष 2024 -25 की तुलना करें तो गत वर्ष 44 हजार 427 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा था। इस लिहाज से देखें तो गत वर्ष की तुलना में ही 861 किसान कम रह गए।

### भैसमा में लगातार दूसरे वर्ष भी सर्वाधिक खरीदी

1 नवंबर से 31 जनवरी तक चले धान खरीदी अभियान में 41 समिति के 65 उपार्जन केंद्रों में 27 लाख 38 हजार 120.40 क्विंटल धान की आवक हुई । 43 हजार 566 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 648 करोड़ 66 लाख 7 हजार 227.60 रुपए का धान बेचा। 88 हजार 54 .60 क्विंटल धान खरीदी कर उपार्जन केंद्र भैसमा लगातार दूसरे साल सभी 65 उपार्जन केंद्रों में सिरमौर रहा । खरीदे गए धान में से 31 जनवरी की स्थिति में 14 लाख 13 हजार 970 क्विंटल 51.64 फीसदी धान का उठाव ही हुआ है।

## सड़क हादसे में सुरक्षा कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सीपेट के समीप एक तेज रफ्तार वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को अपनी

**खास बात**

- सीपेट के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी ठोकर

चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

उल्लेखनीय है कि सीपेट के पास सड़क पर एक बाइक सवार खून से लथपथ पड़ा मिला। राहगीरों ने इसकी सूचना 112 और दर्री पुलिस को दी। मौके पर पहुंची 112 की टीम ने पाया कि बाइक क्षतिग्रस्त थी और सवार की मौत हो चुकी थी। शव को जिला मेडिकल कॉलेज के शव कक्ष में रखवाया गया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय दीपेंद्र पटेल के रूप में हुई, जो कटघोरा के



मृतक

बरपाली गांव का निवासी था। पुलिस ने उसके परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दी।

जानकारी के अनुसार, दीपेंद्र पटेल शनिवार की रात करीब 10 बजे अपने घर बरपाली से दर्री स्थित सीएसईबी में ड्यूटी के लिए निकला था। सीपेड के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दीपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। उसके चेहरे और सीने पर गंभीर चोटें आई थीं। परिजनों ने बताया कि, दीपेंद्र सीएसईबी में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत था। घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। ⏭ शेष पेज 3 पर

# रेलवे ट्रैक निर्माण सामग्री के गबन मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा रोड से पेंड्रा रोड के मध्य नई विद्युतीकृत डबल रेलवे लाइन निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री के गबन के मामले में पुलिस ने कार्यवाही की है। शिवाकृति

**खास बातें**

- गेवरा-पेंड्रारोड रेल कॉरिडोर निर्माण सामग्रीके गबन का मामला
- कर्मचारी द्वारा सामान चोरी कर बेचा जा रहा था कबाड़ी को

इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी द्वारा थाना कटघोरा में शिकायत की गई थी, जिसमें रेलवे साइड सिंघिया एवं सुतर्रा स्थित स्टोर से लोहे के स्लीपर एवं अन्य सामग्री के गायब होने की सूचना दी गई थी।

मामले में कटघोरा एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के द्वारा शिकायत जांच किया जा रहा था। जांच के दौरान कंपनी के कर्मचारियों, गार्डों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ की गई। जांच में यह तथ्य स्पष्ट हुआ कि घटना किसी भी प्रकार की हथियारबंद लूट या बाहरी डकैती की नहीं है, बल्कि यह मामला संस्था के भीतर कार्यरत व्यक्तियों द्वारा पद का दुरुपयोग कर की गई आंतरिक गबन होने से अपराध पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है। पुलिस के जांच में सामने आया कि तेजबहादुर पटेल (जेसीबी ऑपरेटर) द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए विगत कई महीनों से रेलवे निर्माण सामग्री को चोरी कर कबाड़ी को बेचकर अवैध लाभ अर्जित किया गया। राहुल सिंह मरकाम द्वारा भी इस कृत्य में संलिप्तता पाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ कर्मचारियों को भ्रामक जानकारी देने हेतु दबाव बनाया गया, जिससे प्रारंभिक स्तर पर घटना को बाहरी लूट के रूप में दर्शाने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त जेसीबी वाहन, रेलवे लोहे के स्लीपर के टुकड़े एवं नगद राशि जप्त की गई है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 25 लाख 6 हजार रुपये है। मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



जप्त जेसीबी वाहन।



आरोपीगण

# नए परीक्षार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी दिलाई टेट की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सभी नियमित शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य किए जाने के आदेश

**खास बातें**

- शहर में बनाए गए थे 14 परीक्षा केन्द्र, सभी केन्द्रों में लगे थे जैमर
- शहर के अधिकांश परीक्षार्थियों को जाना पड़ा दूसरे जिला

के बाद पहली बार हो रही टेट परीक्षा में जिले के 2 हजार से अधिक नियमित शिक्षकों ने परीक्षा दिलाई है। कुल 6583 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाने पंजीयन कराया था जिसमें 6047 उपस्थित रहे। व्यापमं के तगड़े निर्देश के बाद पिछले वर्ष से हो रही सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में जैमर लगाए गए हैं।

दो वर्ष बाद हो रही टेट की परीक्षा के लिए जिले में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। दो पाली में हुई परीक्षाओं में पहली पाली की परीक्षा में 2214 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 1980 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। वहीं 234 परीक्षार्थी किसी कारणवश परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सके। इसी तरह दूसरी पाली में 4369 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 4067 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 302 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाने में रुचि नहीं ली। परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर व्यापमं द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश के बाद परीक्षार्थियों को कान की बाली तक उतारना पड़ा है। सुबह की पाली में परीक्षा दिलाने पहुंचे तो ठण्ड का सामना भी करना पड़ा था। परीक्षा केंद्रों में पहुंचे परीक्षार्थियों को जैकेट उतारना पड़ा। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों में एक घंटा पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। सभी केंद्रों में परीक्षार्थियों का जमावड़ा एक घंटे पूर्व ही परीक्षा केंद्रों में नजर आने लगा। सुरक्षा के तगड़े प्रबंध भी किए गए थे।



परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी।

### केंद्रों में लगे जैमर से रिहायशी क्षेत्र भी रहे प्रभावित

परीक्षा केंद्रों में जैमर लगाए जाने के कारण इन केंद्रों के आसपास के रिहायशी क्षेत्र भी प्रभावित हुए। वहां निवासरत लोगों ने बताया कि सुबह 9 बजे के बाद से मोबाइल ने काम करना बंद कर दिया था। जो आवासीय क्षेत्र परीक्षा केंद्रों के समीप थे उनमें न्यू ऐरा स्कूल के पीछे स्थित राजस्व कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी ज्यादा प्रभावित रही। इसी कालोनी के समीप ही सेंट जेवियर्स स्कूल मौजूद है इसे भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था। महज 2 सौ मीटर की दूरी पर बने 2 बड़े परीक्षा केंद्रों के कारण आसपास के रिहायशी इलाका जैमर के प्रभाव क्षेत्र में रहा। इसी तरह पीजी कालेज के परीक्षा केंद्र होने से मेडिकल कालेज अस्पताल भी प्रभावित रहा। दो पाली में परीक्षा होने के कारण इन परीक्षा केंद्रों के समीप के रिहायशी इलाकों में दिन भर नेटवर्किंग की समस्या का सामना लोगों को करना पड़ा। आवश्यक कार्य भी प्रभावित हुए।

### पुराने कोरबा क्षेत्र में एक भी परीक्षा केंद्र नहीं

व्यापमं के द्वारा आयोजित टेट परीक्षा के लिए जितने भी परीक्षा केंद्र बनाए गए थे वे सभी परीक्षा केंद्र ट्रांसपोर्ट नगर और रिस्दी तक ही सीमित रहे। पुराने कोरबा क्षेत्र में बड़े शिक्षण संस्थाएं होने के बावजूद परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया। बताया जाता है कि परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जाने के पीछे शहर की दो रेलवे क्रॉसिंग हैं। जिसके बार बार बंद होने से परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचने तक समस्याओं का सामना ना करना पड़े इसलिए परीक्षा केंद्र नहीं बनाए गए। जबकि दर्री रोड से कोतवाली थाना तक आवागमन के लिए ओवरब्रीज की सुविधा उपलब्ध है। वहीं पुराने कोरबा क्षेत्र में अग्रसेन पब्लिक स्कूल, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर सीतामणी, ज्योति मिशन स्कूल और शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं।

# पति की संदिग्ध मौत, परिजनों ने पत्नी पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी क्षेत्र निवासरत 32 वर्षीय दिलेश्वर कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो

**खास बात**

- रजगामार चौकी क्षेत्र का मामला

गई। उसके परिजनों ने दिलेश्वर की पत्नी राजकुमारी और उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उल्लेखनीय है कि दिलेश्वर और 30 वर्षीय राजकुमारी की शादी 12 साल पहले हुई थी। उनके दो बच्चे, एक 12 साल का बेटा और एक 10 साल की बेटी है। पिछले डेढ़ साल से पति-पत्नी के बीच चरित्र शंका को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद के कारण दिलेश्वर एक महीने पहले अपने गृहग्राम नवागढ़ थाना क्षेत्र के हीरागढ़ चला गया था। शुक्रवार को दिलेश्वर अपनी पत्नी और बच्चों को घर वापस लाने के लिए रजगामार पहुंचा। उसने राजकुमारी को बताया था कि वह उसे और बच्चों को लेकर हीरागढ़ वापस जाएगा और वहां मेला देखेंगे। घर पहुंचने के कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उसे तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिलेश्वर की पत्नी राजकुमारी ने पुलिस को बताया कि, उसके पति ने फोन पर बताया था कि वह कुमुण्डा में किसी के साथ खा-पीकर घर आ रहा है। घर पहुंचने पर वह केले लेकर आया था और शराब के नशे में था। केला खाने के बाद दिलेश्वर की तबीयत खराब होने लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। राजकुमारी ने यह भी बताया कि दिलेश्वर शराब छोड़ने के लिए देशी दवाइयों का भी सेवन कर रहा था। इस मामले में रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खुंटे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके भाई के बयान दर्ज किए हैं। मामले में आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### विवाद सुलझाने हुई थी सामाजिक बैठक

मृतक दिलेश्वर के चचेरे भाई लोध राम कश्यप ने बताया कि दिलेश्वर और राजकुमारी के बीच चरित्र शंका को लेकर अक्सर विवाद होता था। इस विवाद को सुलझाने के लिए सामाजिक बैठकें भी हुई थीं। एक महीने पहले जब दिलेश्वर गांव आया था, तब उसने अपनी पत्नी के बारे में सारी बातें परिवार वालों को बताई थीं। परिजनों ने राजकुमारी और उसके प्रेमी पर दिलेश्वर की हत्या का आरोप लगाया है।

## एसईसीएल सीएमडी ने किया डब्ल्यूसीएल सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण

**कोरबा।** एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने नागपुर स्थित डब्ल्यूसीएल मुख्यालय पहुँचकर डब्ल्यूसीएल के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार औपचारिक रूप से ग्रहण किया।आगमन पर डब्ल्यूसीएल निदेशक मंडल एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा श्री दुहन का आत्मीय स्वागत किया गया। डब्ल्यूसीएल सुरक्षा टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।इसके पश्चात श्री दुहन ने मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की तथा उत्पादन एवं उत्पादकता की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर डब्ल्यूसीएल के निदेशक (वित्त) बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन) आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) संदीप परांजपे, सीवीओ अजय मधुकर म्हेत्रे सहित मुख्यालय के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्षगण उपस्थित रहे।

## बदमाशों पर पुलिस की सख़्ती, 65 लोगों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कोरबा पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिलेभर में की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर अड्डेबाजी करने वाले एवं बेवजह झुंड में घूमने-बैठने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध सख़्त वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक धारा 128 बीएनएसएस के तहत कुल 45 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत 12 प्रकरणों में कुल 20 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस प्रकार कुल 65 लोगों को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के दायरे में लाया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करना है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतिबंधात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई लगातार और सघन रूप से जारी रहेगी।

**खबर संक्षेप**

### अलग-अलग घटना में दो पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग घटनाओं में दो युवकों से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, तारबाहर निवासी शहनवाज खान 31 जनवरी की रात 11 बजे डीपूपारा तालाब के पीछे बरगद पेड़ के पास बैठे थे। उसी समय तारबाहर निवासी आदिल कुरैशी, शेख आमिन बाइक से आए। आदिल ने उन्हें कहा मेरे खिलाफ रिपोर्ट लिखाया तेरे को बताता हुं कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इसी दौरान आदिल ने चाकू से बाए हाथ के भुजा में हमला कर दिया। दूसरी घटना में अरमान दास मानिकपुरी पिता अशोकदास मानिकपुरी 31 जनवरी की रात 9 बजे अपने घर के पास दुकान जा रहे थे। भूंकप अटल आवास सरकारी स्कूल के पास उनका दोस्त अमन साहू जमीन में पड़ा हुआ था। पीछे से खून निकल रहा था। उन्हें अमन साहू ने बताया पुरानी रंजिश में मोहल्ले के सागर सारथी, प्रकाश, राहुल सूर्यवंशी ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया है। पुलिस ने दोनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।


घायल।

### करंट से कर्मी की मौत संचालक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** एल्युमीनियम सेक्शन लगाते समय करंट से कर्मी की मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद बेकरी संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 3 दिसंबर 2025 को चकरभाठा नयापारा चौक स्थित आदर्श बेकरी में तालापारा निवासी लव कुमार कुर्रे पिता सदन कुर्रे एल्युमिनियम सेकशन लगाने का काम कर रहा था। उसने छत में एल्युमीनियम पाइप उठाया तो ऊपर से गुजरे11 केवी बिजली तार के संपर्क में आकर करंट से झुलस गया। उसे इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने आदर्श बेकरी के संचालक सुनील मलघानी उर्फ कट्टी सिंधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### धर्मान्तरण कराने की कोशिश, एक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्रार्थना की आड़ में प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने का कोशिश करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, हिंदू धर्म विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक चांटीडीह निवासी गौरव धनकर पिता मंगलूराम धनकर ने रिपोर्ट लिखाई। 1 फरवरी को सुबह 8.30 बजे कार्यकर्ता के माध्यम से सूचना मिली सूर्या विहार रायल पैलेष के पीछे रहने वाले जेम्स सिंह अपने घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर हिंदू लोगों को एकत्रित कर प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने की कोशिश कर रहा है। वे कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर जाकर हंगामा मचाते हुए धर्मपरिवर्तन का विरोध किया गया। जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जेम्स सिंह को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने श्री धनकर की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर जेम्स सिंह को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

**शाम होते ही छा जाता है अंधेरा**

**सेतु विभाग की लापरवाही पड़ रही है भारी, रोजाना यहां से गुजरते 10 हजार से अधिक वाहन**

# लालखदान ब्रिज पर उखड़ा डामर, धूल से हलाकान हो रहे यहां से गुजरने वाले



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**बिलासपुर।** लालखदान ओबर ब्रिज इन दिनों खस्ताहाल है। रोजाना 10 हजार से अधिक वाहनों की आवाजाही होने के कारण ब्रिज पर बड़े बड़े गड्ढे बन चुके हैं। सड़क की हालत यह है कि गड्ढों के कारण ब्रिज के बीच से गाड़ी नहीं चल रही है, लोगों को गाड़ी खराब होने का अंदेशा रहता है, ऐसे में ब्रिज के किनारे से गाड़ी निकलने की नौबत आ चुकी है।

सेतु विभाग द्वारा बनाए गए लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। हर साल बारिश के बाद अंडर और ओवर ब्रिज के मरम्मत व रखरखाव का काम करने वाले सेतु विभाग के अधिकारियों को ब्रिज की हालत का अंदाजा तक नहीं है। एसी चेंबर में बैठने वाले अधिकारी फिल्ड में निकलकर इन ब्रिज की हालत नहीं देख पा रहे हैं। लालखदान ब्रिज से होकर गुजरना लोगों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही है। बताया जा रहा है कि सड़क का डामर उखड़ चुका है। यहां से रोजाना 10 हजार से अधिक वाहन गुजर रहे हैं, जिसके चलते सड़क पर धूल उड़ रही है। सबसे ज्यादा मुसीबत लालखदान क्षेत्र के रहवासियों को उठानी पड़ रही है, धूल के कारण उनके घरों में मिट्टी की परत जम चुकी है, ब्रिज के नीचे से गई मोहल्ले का हाल बेहाल है। स्वास्थ्यगत कारणों के चलते बच्चे और बुजुर्गों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### अंधेरे के कारण होती है दुर्घटना

ब्रिज पर लाइट लगाई गई है, लेकिन शाम होते ही ब्रिज पर अंधेरा छा जाता है। दरअसल केबल कटने के कारण कई दिनों तक बिजली बंद रहती है, जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। वहीं क्षेत्र में आए दिन होने वाली घटनाओं के कारण क्षेत्र पूरी तरह से असुरक्षित है, लेकिन इसके बावजूद सेतु विभाग के अधिकारियों के द्वारा मेंटनेंस नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार विभाग के अधिकारी अनुवल रिपेयरिंग के लिए आए फंड का उपयोग अन्य कार्यों में कर दिया गया है, जिससे चलते ब्रिज की मरम्मत नहीं हो पा रही है, अधिकारी अब नए वित्तीय सत्र का इंतजार कर रहे हैं।

**शाम पौने छह बजे पेपर छूटते ही सड़क पर दुपहिया-चारपहिया वाहनों की भरमार**

# ट्रैफिक जवान पस्त, सिग्नल फेल, मुख्य मार्गों सहित गलियों में भी लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में रविवार को दो पालियों में आयोजित टेट की परीक्षा ने शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त कर दी। पहली पाली की परीक्षा के बाद स्थिति फिर भी ठीक ही थी, लेकिन शाम पौने छह बजे दूसरी पाली की परीक्षा छूटते ही शहर में एकाएक दुपहिया व चारपहिया वाहनों की बाढ़ सी आ गई। मेनरोड पर भारी भीड़ से बचने लोग गलियों का सहारा लेकर जल्दी पहुंचने का प्रयास करते रहे, लेकिन गलियों में भी लंबा जाम लगा रहा। यह स्थिति किसी एक सड़क की न होकर पूरे शहर की थी।

- दो पालियों में आयोजित हुई टेट की परीक्षा

दो पालियों में आयोजित टेट की परीक्षा ने शहर को दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों से पैक कर दिया। यह तो अच्छा हुआ कि रविवार का दिन होने एवं भारत बंद के कारण शहर की ज्यादातर दुकानें बंद थीं, जिससे ट्रैफिक का दबाव कम था, नहीं तो रविवार अवकाश के कारण अपने-अपने परिवार को लेकर शॉपिंग करने सड़कों पर निकलने वाले शहरवासियों के वाहन भी जाम में वाहनों की संख्या बढ़ा जाते।

शाम पौने छह बजे टेट की दूसरी पाली की परीक्षा छूटते ही लोग अपने-अपने परिजन को परीक्षा केंद्रों से लेकर घरों की ओर लौटे। एक ही समय में बड़ी संख्या में गाड़यों की सड़क पर आवाजाही से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। परीक्षार्थियों के कारण अशोक नगर चौक, सीपत चौक, नेताजी चौक, सरकंडा बंगालीपारा की सारी गलियों,






इंदिरा सेतु, रामसेतु वाला पुल, रिवर व्यू रोड, नेहरू चौक, जरहाभाठा चौक, मंगला चौक, गांधी चौक, सीएमडी चौक सहित पूरे शहर में जाम की यही हालत रही। हालांकि जाम की स्थित केवल आधे घंटे ही रही। आधे घंटे के भीतर ही सारे वाहन अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गए, वहीं शहर से बाहर की गाड़यों ने भी आऊटर की ओर रूख कर लिया, जिससे शहर के भीतर जगह खाली होती गई।

### वाद-विवाद की स्थिति बनी रही

शहर के ट्रैफिक सिग्नलों पर लंबी लाईनों में खड़े वाहन चालक ग्रीन सिग्नल होने एवं सिग्नल पार करने के प्रयास में नजर आए। इस दौरान जल्दी आगे बढ़ने को लेकर लोगों के बीच कहासुनी भी होती रही। कई स्थानों पर वाहनों की आपस में आगे-पीछे टक्कर हो जाने के कारण झगड़े की स्थिति भी निर्मित होती रही। चौराहों पर ट्रैफिक जवान मौजूद तो थे, लेकिन इतनी भीड़ को नियंत्रित करने के कारण वे भी बेबस व हलाकान नजर आए।

### लोकसभा-राज्यसभा के विधेयक सबंधित प्रश्न पूछे गए

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को शिक्षक पात्रता की परीक्षा ली गई,यह परीक्षा दो पालियों में हुई। जिले में टैट के एग्जाम में 48 हजार अभ्यर्थियों ने आवदेन किया था,पहली पाली की परीक्षा प्राईमरी शिक्षकों के लिए सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:15 बजे चली। जिसमें 54 केन्द्र बनाएं गए थे, इसमें 16 हजार 361 परीक्षार्थी मौजूद रहे व 1 हजार 755 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में मीडिल कक्षाओं के लिए परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5:45 बजे तक हुई। इसके लिए 98 सेंटर बनाए गए थे,जिसमें 27 हजार 689 परीक्षार्थी मौजूद रहें व 2 हजार 620 अभ्यर्थी परीक्षा दिलवाने नहीं पहुंचे। परीक्षार्थियों के लिए पहली पाली के लिए मुख्य द्वार सुबह 9 बजे और दूसरी पाली के लिए दोपहर 2:30 बजे बंद कर दिया गया। परीक्षार्थियों ने बताया कि ढाई घंटे की इस परीक्षा में डेढ सौ नंबर के प्रश्न पूछे गए,जिसमें किसी भी प्रकार का माइनस अंक नहीं थे। प्रश्नपत्र में महिला कानून,मौलिक कर्तव्य, छत्तीसगढ के मेले का मासों का क्रम,लोकसभा-राज्यसभा के विधेयक व वनदेवी के उपाधि के बारे में जैसे प्रश्न पूछे गए।

## एसएसपी ने कोतवाली, सीपत टीआई को लगाई फटकार, बाबू को भगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्राइम मीटिंग में एसएसपी ने कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले कोतवाली व सीपत टीआई को जमकर फटकार लगाई और बाबू को मीटिंग से भगा दिया।

31 जनवरी को एसएसपी रजनेश सिंह जिले के थाना, चौकी प्रभारियों की क्राइम मीटिंग ली। उन्होंने 30 जनवरी को पचरीघाट डैम के उपर गुण्डा बदमाश सानू हुसैन की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं एक आरोपी विकास तिवारी जेल से छूटकर बाहर आया था। दोनों के बीच विवाद चल रहा था। दोनों के खिलाफ पूर्व में प्रभावी कार्रवाई नहीं करने पर कोतवाली टीआई को जमकर फटकार लगाई। इसी तरह सीपत टीआई को अवैध शराब पर कार्रवाई नहीं करने पर फटकार लगाई। बैठक के दौरान श्री सिंह के संज्ञान में आया दूसरे प्रदेश में अपराधी के पतासाजी करने जाने पर एसपी आफिस से टीए की राशि नहीं मिल रही है। उन्होंने बाबू से इस संबंध में पूछताछ किया, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर फटकार लगाते हुए बाबू को मीटिंग से भगा दिया। श्री सिंह ने 2025 के पहले अपराधों की समीक्षा कर थानेदारों को उसके शीघ्र निराकरण करने का आदेश दिया गया। इसी तरह 2025 के पेंडिंग मर्ग की समीक्षा कर थानेदारों पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र निराकरण करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने थानेदारों को सोशल मीडिया वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अपने अपने क्षेत्र में पुलिसिंग करने की जानकारी दी।



- एसएसपी ने ली क्राइम मीटिंग

बताया जाता है बीट प्रभारी अपने अपने क्षेत्र लोगों को जोड़कर वाट्सएप ग्रुप बनाएंगे। इसके माध्यम से लोगों को साइबर फ्राड, आनलाइन ठगी के प्रति जागरूक करेंगे। इसके अलावा बीट में होने वाले अवैध गतिविधियों की जानकारी लेकर प्रभावी कार्रवाई करेंगे। शीघ्र सोशल मीडिया वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पुलिसिंग शुरू हो जाएगी।

## ड्राइवर से मारपीट कर कार व पर्स लूटकर भागे युवक, कोरिया पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर।** देर रात रतनपुर मार्ग नेशनल हाइवे में दो कार सवार चार युवकों ने एक अन्य कार चालक के साथ मारपीट कर उसमें सवार महिलाओं को नीचे उतार दिया और कार के साथ महिलाओं का पर्स लूटकर भाग गए। कोरिया पुलिस ने कार सवार युवकों को पकड़ लिया है। बताया जा रहा मामला लेनदेन का है। बहरहाल पुलिस युवकों से पूछताछ कर रही है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, कोरबा दीपका तिवरता निवासी ड्राइवर विजय कुमार राज तीन महिलाओं को शिफ्ट डिजीयर क्रमांक सीजी 10 बीई, 3400 में बिल्हा मेला लेकर गए थे। रात में वे तीनों महिलाओं को लेकर दीपका लौट रहे थे। रात 3.35 बजे विजय कुमार राज ने नेशनल हाइवे रानीगांव हाइवे किंग ढाबा के पास सड़क किनारे कार खड़े की। इसी दौरान क्रेटा एव एक अन्य वाहन से चार युवक आए और ड्राइवर के साथ मारपीट कर उनकी कार की चाबी लूटकर कार में बैठी महिलाओं को नीचे उतारकर कार सहित तीनों महिलाओं का पर्स लेकर अम्बिकापुर की ओर भाग गए। महिलाओं के पर्स में 4 से 6 हजार रुपए नकद रखा हुआ था। ड्राइवर की सूचना पर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आसपास के जिलों में लुटेरों के भागने की जानकारी दी। कोरिया पुलिस ने चर्चा में घेराबंदी कर लूटकर भाग रहे चारों युवकों को कार सहित पकड़ लिया है। कोरिया के कोतवाली थाने में युवकों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है लेनदेन के मामले में चारों युवक कार लेकर भाग थे।

## दिनदहाड़े कार में आग लगाकर दहशतगर्दी मचाने वाले 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिनदहाड़े पेट्रोल डालकर कार में आग लगाकर दहशतगर्दी मचाने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, विनोबानगर निवासी दीपक सिंह पिता अवतार सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। 1 फरवरी को उनकी क्रेटा कार क्रमांक सीजी 10 एक्यू, 9087 घर के सामने खड़ी थी। इसी दौरान उनका भांजा श्रेयांस सिंह कंडा अपने अन्य साथियों के साथ आया और उनकी कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उसके बाद श्री सिंह को जान से मारने की धमकी देते हुए दहशतगर्दी मचाने लगा। जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने पतासाजी कर दहशतगर्दी मचाने वाले श्रेयांस सिंह कंडा पिता सरनजीत सिंह 21 साल मंगला चौक, मौरिस रोडनी मार्टिन पिता केग मार्टिन 19 साल विनोबानगर, आनंद दास पिता ईश्वर दास 20 साल दयालबंद निवासी को पकड़ लिया। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 326 एफ, 351, 3, 3, 5 के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### एक आरोपी के खिलाफ थाने में 7 मामले दर्ज

एक आरोपी श्रेयांस सिंह कंडा आदतन बदमाश है। उसके खिलाफ तारबाहर में पहले से 3, सिविल लाइन में 3 व सिरगिट्टी में मारपीट के 2 मामले दर्ज है। वह लगातार सक्रिय होकर गुण्डागर्दी कर रहा है।




## मगरपारा चौक से लेकर भारतीय नगर चौक तक कब्जे हटाए गए

**बिलासपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने फिर से नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई शुरू की है। शनिवार को मगरपारा चौक से लेकर भारतीय नगर चौक तक कब्जे हटाए गए। इस दौरान सड़क में रखे दुकानों के सामान को जब्त किया गया। साथ ही चौक में अवैध रूप से संचालित हो रहे ठेला व गुमटियों को जब्त किया गया। दुकानदारों को सामान बाहर न रखने की चेतावनी दी गई है। खासतौर पर मगरपारा के तैयबा चौक, ईदगाह चौक और बजरंग चौक पर अवैध रूप से कब्जों को हटाया गया। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध भी किया।

बीते कुछ दिनों से नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी दस्ता की कार्रवाई बंद थी। शनिवार की सुबह से दस्ता फिर से सक्रिय हो गया। इसी के तहत अतिक्रमण टीम ने मगरपारा चौक से कार्यवाही शुरू की और सड़क पर दुकान लगाने वालों को सामान जब्त करना शुरू किया। साथ ही इस दौरान सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि सड़क के दायरे से बाहर दुकान लगाए, अन्यथा अगली बार भी सामान के साथ ठेला व गुमटी भी जब्त कर ली जाएगी।



### इन सड़कों पर भी चली कार्रवाई

निगम की टीम ने शहर के अन्य सड़को के तहत पुराना बस स्टैंड चौक, तारबाहर चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग के साथ ही सरकंडा मुख्य मार्ग में भी कार्रवाई की। जिन्हें पहले से समझाइश दी गई थी कि वे अपने ठेला व गुमटी सड़क के दायरे से हटा लें, लेकिन समझाइश पर जरा भी ध्यान नहीं दिया गया, ऐसे में इन दुकानदारों के सामानों व ठेला को जब्त कर लिया गया है। निगम के अतिक्रमण दस्ते ने साफ किया है कि आगे भी कार्रवाई चलते रहेगी। सड़क को हर हाल में कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

## प्रेम संबंध होने के शक में युवती के प्रेमी ने की थी नृशंस हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरभंज डेम समीप जंगल में तीन दिन पूर्व मिली युवती की रक्तरंजित लाश के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है,प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29 जनवरी को पिंकी सोलंकी 22 वर्ष अपने घर से निकली थी जिसके देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों द्वारा उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई,अगले दिन 30 जनवरी को मोरभंज डेम के पास जंगल में युवती का शव मिला, जिसका गला धारदार हथियार से रेत दिया गया था,पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी हेमंत उर्फ गोल 24 वर्ष मृतिका का प्रेमी था और उसे पत्नी की तरह लीव-इन रिलेशनशिप में रखे हुए था,आरोपी मृतिका के चरित्र पर शक करता था,29 जनवरी को अपने जन्मदिन का बहाना बनाकर वह पिंकी को मोटरसाइकिल से मोरभंज डेम ले गया, जहां केक काटने और शराब सेवन के बाद उसने पहले स्टॉल से गला घोंटा और फिर धारदार चाकू से गला रेतकर उसकी नृशंस हत्या कर दी,वारदात के बाद आरोपी हथियार को पानी में फेंककर मौके से फरार हो गया।

- तीन दिन पूर्व मोरभंज डेम समीप युवती की रक्तरंजिश लाश मिली थी

परिजनों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है,पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू व मोटरसाइकिल जप्त कर ली है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**बिश्रामपुर।** शुक्रवार की शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर केनापारा-तेलईकछार के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है,मृतक की पहचान राजेंद्र यादव पिता रघुनंदन यादव,निवासी पचिरा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार, शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे हुंडई कार क्रमांक CG 29 AD 3785 में सवार सुशील कुमार एवं सुंदर,निवासी हराटिकरा,अंबिकापुर की ओर जा रहे थे,इसी दौरान पान मसाला कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत राजेंद्र यादव अपनी बाइक से घर लौट रहा था,केनापारा में शेसमन साहू के घर के सामने तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया।



## सड़क जर्जर: निगम में शामिल फिर भी नहीं बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोक नगर होते हुए डीएलएस कालेज और खमतराई सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, सड़क का हाल यह है कि यहां 20 इंच से अधिक चौड़ गड्ढे हैं, जिसपर से रोजाना हजारों वाहन चल रहे हैं। कई बाद दुर्घटनाएं भी होती हैं, लेकिन इसके बाजवूद जिम्मेदारों के आंखों में सड़क की बदहाली दिखाई नहीं दे रही है। शहर की सड़कों की मरम्मत महज कागजों में हो रही है। हकीकत इसके ठीक उलट है, जिन सड़कों को बारिश से पहले दुरूस्त करने का आश्वासन दिया गया था, उन सड़कों की हालत जस की तस है। डीएलएस कालेज से खतमराई और बहतराई जाने वाले मार्ग पर महज गड्ढे ही गड्ढे हैं, जिसमें रोजाना धूल उड़ रही है।

- डीपी कालेज-खमतराई सड़क का मामला



कुछ जगहों पर लोगों ने अपनी सुविधाओं के लिए मिट्टी तक पाट दी है, लेकिन धूल पीछा नहीं छोड़ रही है। ऐसे में सड़क से गजरने वाले 3 दर्जन कालोनिवासी खासे परेशान है। सड़क पर आवागमन काफी तकलीफदायक साबित हो रही है। खास बात यह है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद क्षेत्र की स्थिति बदल नहीं रही है, ऐसे में लोगों की फरियाद सुनने वाला भी कोई नहीं है।

## खबर संक्षेप

### 30 हजार 840 क्विंटल धान का ही हो सका उठाव

**चैतमा।** धान खरीदी के अंतिम दिन 1829 क्विंटल धान का खरीदी हुआ चैतमा में कुल पंजीकृत किसान 1390 थे इसमें से 20 हजार 31 पंजीकृत किसान धान नहीं बेच पाये हैं। चैतमा में अब तक 6 हजार 290 क्विंटल धान की खरीदी हुआ है। जिसमें से 30 हजार 840 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। शेष धान मंडी में ही पड़ा हुआ है। यहां लोन लेने वाले कृषकों की संख्या 558 है जिनके द्वारा 1 करोड़ 74 लाख का कर्ज लिया गया था। जिसमें से 1 करोड़ 56 लाख रुपया पटा दिया गया है। ग्राम पंचायत नवापारा के आश्रित मोहल्ला बामीपारा निवासी अमर सिंह के पास जमीन का 16 एकड़ 48 डिसमिल का रकबा है उनका कूपन नहीं कटने के कारण धान नहीं बेच पाया। इस संबंध में उनसे पूछने पर उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा पिछले वर्ष 330 क्विंटल धान बिक्री किया गया था। इस वर्ष आवेदन देने के बाद भी कूपन नहीं काटने के कारण मै धन नहीं बेच पाया। इसके लिए मेरे द्वारा आवेदन भी किया गया था उसके बाद भी मेरा धान नहीं बिका। ग्राम सेवक मनोज कुमार कंवर को सत्यापन करने जाना था किंतु इनके द्वारा सत्यापन नहीं किया गया। इस संबंध में ग्राम सेवक मनोज कुमार कंवर से पूछने पर उन्होंने बताया कि मुझे भूल हुई है। जिस वजह से धान नहीं बेच पाये।

### केवी विद्यालय में मनाया गया दादा दादी, नाना नानी दिवस

**कोरबा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 गोपालपुर कोरबा में दादा दादी, नाना नानी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मांगारण लाल पटेल ने किया। जिनके द्वारा तथा जीआर जांगड़े प्रभारी प्राचार्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। स्वागत गीत के पश्चात जीआर जांगड़े ने मांगारण लाल पटेल को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। राष्ट्रपति के हाथों से सम्मानित हीरालाल पटेल सेवानिवृत्त प्रधान पाठक का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। उन्होंने दादा दादी, नाना नानी को परिवार की जड़ें तथा संस्कार की पाठशाला बताया। प्राथमिक विभाग के छात्र छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। बाल वाटिका 3 एवं पहली कक्षा के छात्र छात्राओं ने दादा दादी नाना नानी की छड़ी हूं मैं गीत पर नृत्य प्रस्तुत किए। इसके बाद गेंद फेंक एवं म्यूजिकल गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें दादा दादी तथा नाना नानियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने खेल का भरपूर आनंद लिया। श्री मनहरण लाल पटेल ने कहा कि आज हम सभी दादा दादी नाना नानी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## किसानों के धान खरीदी की तिथि को बढ़ाने किया गया प्रदर्शन

# एक दिवसीय शांतिपूर्ण प्रदर्शन एवं चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के द्वारा शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन एवं किसानों की धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि को बढ़ाने जाने की मांग को लेकर सांकेतिक चक्का जाम किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने भाजपा शासन को ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि किसानों की धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि को बढ़ाया जाए साथ ही मनरेगा का नाम बदला गया है उसे यथावत रखा जाए


प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

के संदेश को देते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है इसी तरह सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा अपना अपना उद्बोधन में मनरेगा बचाव संग्राम के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदी बाजार में शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया गया है। साथ ही किसानों की धान खरीदी हेतु निर्धारित किया जाए। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष कौशल श्रीवास, चंद्रहास राठौर, गोपाल यादव, रमेश अहीर, पुष्पेंद्र शुक्ला, संतोष श्रीवास, रामशरण कंवर, श्रीमती प्रभासिंह तंवर, रामप्रताप राठौर, कुलदीप सिंह राठौर, गुलशन जायसवाल, लक्ष्मी बंजारे, कांति मधुकर, सत्या कंवर, चित्रपाल श्रीवास, इशाक खान, आकिब, द्वारिका यादव, अनिल पोर्ते, शेखर पटेल, राधेश्याम चौहान, शत्रुघन यादव, शिव कश्यप, बबलू राठौर, निखिल राठौर सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चैतमा में किया गया प्रदर्शन

किसानो की समस्या को लेकर केद्र सरकार एवं राज्य सरकार को नींद से जगाने के लिए एक दिवसीय शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक जक्का जाम मंडल कमेटी चैतमा के गोपालपुर चौक चैतमा में किया गया। इस दौरान महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम को बदल कर जी राम जी रोजगार गारंटी योजना किया गया है जिसका घोर विरोध करते हुए आजादी के नायक बापू महत्मा गांधी के नाम की योजना को पुनः बहाल करने की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक पाली तानाखार मोहितराम केरकेटा, दुलेश्वरी सिदार, मनोज चौहान, यशवंत लाल, कौशल नेटी, सतनारायण पैकरा, अमरनाथ कैवर्त्य उपस्थित रहे।

## गुरुगद्दी धाम पताढ़ी में सतनाम मेला


कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुरुगद्दी एवं सतनाम विकास समिति पताढ़ी धाम के तत्वाधान में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा जोड़ा जय स्तंभ एवं गुरु गद्दी की पूजा अर्चना कर की गई। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुष्मिता कमलेश अनंत ने किया तथा अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, छाया जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, डोमा परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, रवि रजक, सावित्री अजय कुमार, श्रीमती बीजोमति अभिमन्यु राठिया, शिव कर्ष, भूपेन्द्र कंवर, श्रीमती उमा देवी आत्माराम पन्ना पूर्व जिला पंचायत सदस्य विशेष रूप से आमंत्रित थे।

मंचस्थ अतिथियों का गुरु गद्दी धाम पताढ़ी के अध्यक्ष लखनलाल लहरे, सचिव गेस राम मिरी, कोषाध्यक्ष कमलेश अनंत, सुरेश महिलांगे, जवाहरलाल डहरिया, डायमंड पाटले, दिनेश कुर्रे, होरिल रत्नायके, गणेशराम बघेल ने स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन कमलेश अनंत द्वारा किया गया श्री अनंत ने गुरु गद्दी धाम में विभिन्न निर्माण कार्यों की कमी के विषय में जिला पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया जिस पर उन्होंने पांच जिला पंचायत सदस्यों की ओर से 2-2 लाख रुपये कुल 10 लाख रुपए की राशि का निर्माण कार्य करने की सहमति प्रदान की और आने वाले समय में गुरु गद्दी धाम पताढ़ी में भव्य निर्माण कार्य की सौगात देने की भी बात कही। अदानी पावर प्लांट से आए हुए अभ्यागतों द्वारा गुरु गद्दी धाम पताढ़ी के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की जिसकी सतनामी समाज गुरु गद्दी धाम पताढ़ी के द्वारा सराहना की गई। इंडियन सतनामी समाज आर्गेनाइजेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष खोलबहरा रत्नाकर ने अदानी पावर प्लांट के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्राम रींवाबहार, खोड्डल एवं बेंदरकोना से आए पंथी नृत्य दलों ने अपनी पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। तदुपरांत छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच के कलाकार दिलीप नवरत्न द्वारा सुमधुर पंथी नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर समां बांधा।

## विधायक ने छात्राओं को किया निःशुल्क साइकिल वितरण


सायकल वितरण करते विधायक श्री पटेल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उतरदा में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं की पात्र छात्राओं को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। राज्य सरकार बालिका शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर योजनाएं लागू कर रही है, जिनका सकारात्मक प्रभाव ग्रामीण अंचलों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने घोषणा की कि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में 10 वीं एवं 12 वीं की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 21 हजार का प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। सरपंच लक्ष्मीन बाई ने शिक्षा के क्षेत्र में पंचायत द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। प्राचार्य गोपाल प्रसाद लहरे ने छात्राओं को नियमित अध्ययन और लक्ष्यबद्ध जीवन का संदेश दिया। एसएमडीसी अध्यक्ष समोस सागर ने योजना को बालिका शिक्षा की दिशा में मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर व्याख्याता अनुज कुमार जांगड़े, पीपी आंचल, उत्तम सिंह मरावी, नरेंद्र कुमार पाटले, अनुज कुमार जांगड़े, राकेश टंडन, सुधीर कुमार चंद्रा, सुशीला पैगोर, तरुन्नुम निशा, अनीता मानिकपुरी, वंदना लहरे, ममता माण्डले उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### खरीदी केन्द्रों में...

पड़ा है तब कहीं जाकर स्थिति सामान्य हो सकी है किंतु उठाव नहीं होने के कारण लगभग 13 लाख क्विंटल का धान समितियों में जाम पड़ा है और जब तक उठाव के आदेश नहीं होंगे और जितने दिन धान धूप में रखे रहेंगे उतनी ही तेजी से उनमें सूखत आती जाएगी और इस सूखत की भरपाई समितियों को खरीदी से मिलने वाले कमीशन की आय से करना होगा और इस वर्ष सबसे ज्यादा सूखत आने की समिति के प्रबंधकों ने नोडल अधिकारियों को दी है। मौसम में बदलाव को लेकर भी आशंका व्यक्त की जा रही है। अगर बदले मौसम की वजह से बेमौसम बारिश हुई तो खुले में रखे धान का भीगना भी तय माना जा रहा है। जिले में 43 हजार 566 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 648 करोड़ का 27.38 लाख क्विंटल धान बेचा है।

### सड़क हादसे...

वह रोज की तरह रात में खाना खाने के बाद ड्यूटी के लिए निकला था। पुलिस के अनुसार, दीपेंद्र पटेल की मौत सड़क हादसे में हुई है। हालांकि, यह दुर्घटना कब, कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, यह जांच का विषय है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



## खबर संक्षेप

### आज से कपिलेश्वर नाथ मंदिर में शिवभक्ति की बहेगी बयार

**कोरबा।** पं. रविशंकर शुक्ल नगर स्थित कपिलेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में जनकल्याणार्थ रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 2 से 10 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे रुद्र महायज्ञ होगा तथा संध्या 4 से 8 तक शिव महापुराण की कथा होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को प्रातः 11 बजे कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। कलश यात्रा कपिलेश्वर नाथ मंदिर से साड्डा शिव मंदिर तक जल लेकर पुनः कथा स्थल पहुंचेगी। इसके पश्चात 3 फरवरी से वेदी मंडप पूजन एवं यज्ञाहुति प्रारंभ होगी। इस पावन आयोजन में शिव महापुराण कथा वाचक पं. हनुमान दास जी महाराज (अयोध्या वासी संत) द्वारा शिव महापुराण की अमृतमयी कथा का वाचन किया जाएगा। कथा के माध्यम से शिव-पार्वती विवाह, दक्ष यज्ञ, देवी पार्वती की तपस्या, शिव कृपा, सृष्टि रहस्य सहित अनेक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा।

### जिला के एकल आचार्यों की एक दिवसीय बैठक संपन्न



**कोरबा।** वनांचल शिक्षा सेवा न्यास, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत कोरबा जिले के विभिन्न वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत सरस्वती शिक्षा केंद्रों (एकल आचार्य) में सेवारत आचार्यों की एक दिवसीय समीक्षा एवं मार्गदर्शन बैठक वाल्मीकि आश्रम, कोरबा में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य शिक्षा केंद्रों की प्रगति की समीक्षा करना, आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श करना तथा आचार्यों को संगठनात्मक दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा। प्रांतीय सचिव चंद्र किशोर श्रीवास्तव एवं प्रांत प्रमुख नरेश जायसवाल ने आचार्यों को संबोधित करते हुए शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सरस्वती पूजन, शिक्षा केंद्रों के आसपास हैंडपंप एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, गांवों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान जैसे कार्य, बच्चों एवं ग्रामीणों के व्यक्तित्व विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, तथा पूरे वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

### रेलवे स्टेशन सेकंड एंट्री गेट का फुट ओवरब्रिज पुनः खोला गया

**कोरबा।** यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोरबा रेलवे स्टेशन के सेकंड एंट्री गेट पर स्थित फुट ओवर ब्रिज को आवश्यक मरम्मत एवं संरचनात्मक सुधार के उपरांत आज से पुनः खोल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में स्टेशन साईडिंग क्षेत्र में कार्य के दौरान एक वाहन के फुट ओवर ब्रिज से टकराने की घटना हुई थी। इसके पश्चात डिप्टी मुख्य अभियंता (ब्रिज) द्वारा किए गए निरीक्षण के पश्चात यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से इस फुट ओवर ब्रिज को अस्थायी रूप से बंद किया गया था। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर फुट ओवर ब्रिज पर आवश्यक मरम्मत एवं संरचनात्मक सुधार कार्य शीघ्रता से प्रारंभ किए गए। सामान्यतः इस कार्य में लगभग दो माह का समय लगने की संभावना थी, किंतु यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा कार्य को प्राथमिकता देते हुए तीव्र गति से पूर्ण कराया गया।

### बसुदेव बने राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष



**कोरबा।** कांग्रेस की राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ने कोरबा जिले में संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम राजनीतिक कदम उठाया है। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आशीष शील द्वारा जारी आदेश के अनुसार बसुदेव प्रसाद सोनवानी को जिले का युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी के निर्णय के तहत नियुक्ति की गई है।

## केंद्रीय बजट पर जनप्रतिनिधि, श्रमिक नेताओं और व्यवसायियों ने दी प्रतिक्रिया

# किसी ने विकास को नई दिशा देने वाला तो किसी ने कहा कि निराशाजनक बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जारी बजट पर जिले के जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों व श्रमिक नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। सत्ता पक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने जहां केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे विकास को गति देने वाला बजट बताया है तो वहीं विपक्षी दल से जुड़े नेताओं ने इस बजट को युवा, किसान और मजदूर विरोधी बताते हुए निराशाजनक बजट करार दिया है। बजट को लेकर लोगों में मिली जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली है। किसी ने बजट की सराहना की है तो किसी ने इसे खराब बजट बताया है।

### राज्य के औद्योगिक, कृषि और ग्रामीण विकास को मिलेगी नई दिशा : लखनलाल



उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के औद्योगिक, कृषि और ग्रामीण विकास को नई गति देगा। एमएसएमई, बायोफार्मा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल इकोनॉमी और कृषि क्षेत्र में किए गए प्रावधानों से राज्य में निवेश, रोजगार और समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा। बजट छत्तीसगढ़ के औद्योगिक, कृषि और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप यह बजट राज्य में निवेश, रोजगार और उद्यमिता को मजबूती प्रदान करेगा। औद्योगिक क्लस्टरों को पुनर्जीवित करने के लिए 2 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान से राज्य के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों यानी एमएसएमई को सीधा लाभ मिलेगा। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। इसके साथ ही एमएसएमई और बायोफार्मा सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये तथा सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान से छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। विभिन्न राज्यों में माइनिंग आधारित औद्योगिक कॉरिडोर, टेक्सटाइल पार्क और केमिकल पार्क की स्थापना से राज्य का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और अधिक सशक्त होगा। बैंकिंग सुधार, आर्थिक ऋण गारंटी और कर प्रक्रियाओं के सरलीकरण से राज्य के उद्यमियों, व्यापारियों और स्टार्टअप्स को पूंजी तक आसान पहुंच मिलेगी, जिससे उद्योग-हितैषी वातावरण का निर्माण होगा। बजट छत्तीसगढ़ की कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन आधारित अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करेगा। छोटे किसानों की उद्यमशीलता, पशुधन विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी, पशु चिकित्सा सेवाओं के विस्तार तथा 5सौ अमृत जलाशयों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आया।

### सभी वर्गों का रखा गया है ख्याल : प्रेमचंद



कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा 53.5 लाख करोड़ रुपये का आम बजट पेश किया गया। इस आम बजट की परिकल्पना विकसित भारत 2047 को ध्यान में रखकर की गई है। इसमें देश के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। खासकर महिलाओं को सशक्त बनाने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के माध्यम से जिले और प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। छोटे करदाताओं को भी इससे लाभ मिलेगा। निश्चित रूप से सभी वर्गों के लिए किया गया यह प्रावधान आमजन को राहत प्रदान करेगा।

### कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बजट है : बीएमएस



भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट अवसंरचना विस्तार, औद्योगिक विकास और कौशल निर्माण के माध्यम से आर्थिक वृद्धि पर केंद्रित है, लेकिन यह श्रमिकों की आजीविका, वेतन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े बुनियादी मुद्दों को पूरी तरह नजरअंदाज करता है। बीएमएस कंटेनर निर्माण, मेगा टेक्सटाइल पार्क, खेल सामग्री निर्माण, 2सौ पारंपरिक औद्योगिक क्लस्टरों के पुनरुद्धार, नए मालभाड़ा व उच्च गति रेल गलियारों, अंतर्देशीय जलमार्गों, वाराणसी एवं पटना में जहाज मरम्मत सुविधाओं, पूर्वी क्षेत्र में औद्योगिक कॉरिडोर तथा पूंजीगत व्यय में वृद्धि जैसे प्रस्तावों का संज्ञान लेता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, श्रम, कौशल विकास, रक्षा एवं डीआरडीओ के लिए बढ़े आवंटन भी नोट किए गए हैं। हालाँकि वस्त्र, मत्स्य पालन, एमएसएमई, पर्यटन, स्वास्थ्य, आयुष, पशुपालन तथा रचनात्मक (एवीजीसी) जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर जोर रोजगार सृजन की संभावना दिखाता है, लेकिन सुरक्षा और सम्मानजनक वेतन के बिना रोजगार को समावेशी विकास नहीं कहा जा सकता। बीएमएस श्रम संहिताओं की अधिसूचना तथा बैंकिंग क्षेत्र सुधार और शिक्षा से रोजगार एवं उद्यम पर उच्चस्तरीय समितियों के गठन पर भी चिंता व्यक्त करता है, क्योंकि श्रमिक-सुरक्षा के बिना सुधार अस्थिरता और असंगठितकरण को बढ़ावा देंगे।

### किसान, युवा और मजदूर विरोधी बजट : जयसिंह



केंद्रीय सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट पूरी तरह से जनविरोधी और दिशाहीन है। यह बजट देश के किसानों, मजदूरों, बेरोजगार युवाओं, छात्रों और आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। किसान बढ़ती लागत, कर्ज और फसल के उचित मूल्य के संकट से जूझ रहा है, लेकिन बजट में एमएसपी की कानूनी गारंटी, कर्ज राहत या पीएम किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी जैसे किसी भी ठोस उपाय का अभाव है। देश का युवा वर्ग बेरोजगारी की मार झेल रहा है, परंतु बजट में स्थायी रोजगार, सरकारी भर्तियों और रोजगार सृजन को लेकर कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है। यह बजट युवाओं को नारे देता है, नौकरियाँ नहीं। मजदूर और श्रमिक वर्ग के लिए न न्यूनतम मजदूरी की गारंटी है, न सामाजिक सुरक्षा का विस्तार। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इस बजट में पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में बजट आवंटन बेहद निराशाजनक है। सरकारी स्कूल, विश्वविद्यालय, अस्पताल और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएँ आज भी संसाधनों की कमी से जूझ रही हैं, लेकिन केंद्र सरकार की प्राथमिकता सूची में ये पीछे हैं। यह बजट महंगाई से राहत, मध्यम वर्ग को कर राहत और आम आदमी की क्रय शक्ति बढ़ाने में भी असफल रहा है। स्पष्ट है कि यह बजट जनकल्याण का नहीं, बल्कि चुनिंदा पूंजीपति वर्ग के हितों का दस्तावेज है। कांग्रेस पार्टी इस किसान-विरोधी, युवा-विरोधी और मजदूर-विरोधी बजट का लोकतांत्रिक तरीके से हर स्तर पर विरोध करती रहेगी।

### बजट में लघु उद्योग को मिली निराशा : राजकिशोर



पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महंगाई कम करने, नए रोजगार सृजन करने और करों में रियायत देने में यह बजट नाकाम साबित होगा। लघु उद्योगों के लिए बजट में रखा गया प्रावधान ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। वहीं कर्मचारी वर्ग को भी इस बजट से निराशा मिली है। बजट में जो स्थितियां दिख रही है उससे यह बजट पूंजीवादी व्यवस्था जैसा प्रतीत हो रहा है। महंगाई रोकने के लिए आम जनता को उम्मीद थी कि इस बजट में बड़े निर्णय लिए जाएंगे लेकिन वैसा कुछ नहीं हुआ है।

### बजट से विकास को मिलेगी नई गति : योगेश



केंद्रीय बजट पर अपनी प्रक्रिया देते हुए चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष व भाजपा नेता योगेश जैन ने कहा कि नए बजट से राज्य सहित देश में विकास को नई गति मिलेगी। केंद्रीय बजट से एमएसपी में 1 हजार करोड़, 7 नये हाई-स्पीड रेल कारिडोर, 20 नये वाटरवेज बनेंगे, अंतर्देशीय जलमार्ग बनेंगे, बायोफार्मा पर 10 हजार करोड़, कंटेनर निर्माण पर 10 हजार करोड़, छोटे शहरों में तीर्थ स्थान बनेंगे, मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा, 5 क्षेत्रीय मेडिकल सेंटर की योजना, बुजुर्गों के इलाज पर जोर, प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल, गंभीर बीमारियों की दवा सस्ती होगी, टीसीएस की दर कम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

### आर्थिक सुस्ती के माहौल में निराशाजनक बजट : दीपेश



आर्थिक सुस्ती के माहौल मे पेश यह एक निराशावादी बजट है, आर्थिक मंदी को दूर करने के लिए उपभोग एवं निवेश मे वृद्धि आवश्यक है लेकिन बजट मे ऐसा कोई प्रोत्साहन नहीं है। इसी तरह बजट मे सैलेरीड क्लास को निल बटे सन्नाटा याने आयकर जस का तस न स्लैब बदला-न कोई छूट इसके साथ ही बजट मे आम जनता एवं मजदूरों के लिए कुछ भी नहीं है खासकर देश के 52 करोड़ मेहनतकश असंगठित मजदूरों के सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं के लिए सरकार ने बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है, कुल मिलाकर यह बजट अपेक्षाओं की कसौटी पर पूणतः निराशाजनक है।

### कारपोरेट और चंद अमीरों के लिए है ये बजट : माकपा

केंद्रीय बजट को संक्षेप में आम गरीबों, मेहनतकश वर्गों, मजदूरों और किसानों के हितों को दरकिनार कर कारपोरेट घरानों और मुट्ठी भर अमीरों की तिजोरियों को भरने वाला बजट कहा जा सकता है स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू कर किसानों को फसल की लागत का डेढ़ गुना दाम देने और इसकी खरीदी निर्धारित एमएसपी पर सुनिश्चित करने की बात को भूल कर अब इस सरकार ने कृषि और मंडी व्यवस्था ही कारपोरेट कंपनियों को सौंपने के इरादे जाहिर कर दिए है। जब खेती संकट में है, किसान आत्महत्या कर रहे हैं, तब मोदी सरकार ने किसानों को राहत देने की बजाय कृषि और कृषि से जुड़ी गतिविधियों के लिए बजट में कमी की है। खाद पर मिलने वाली सब्सिडी को खत्म करने का इरादा भी जाहिर कर दिया है। मनरेगा तो यह सरकार पहले ही खत्म कर चुकी है।

### सराफा व्यवसायियों को मिली निराशा : रामकुमार



केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला सराफा संघ के अध्यक्ष रामकुमार सोनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 के विजन को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया गया है। यह बजट में युवा, किसान और मजदूरों के लिए बहुत अच्छा है। हालांकि सराफा व्यवसायियों को इस बजट से निराशा हाथ लगी है। सराफा व्यवसायियों को बजट में किसी तरह की छूट या रियायत नहीं मिली है। लंबे समय से इनकम टैक्स के स्लेब में बढ़ोत्तरी की मांग की जा रही थी। बजट में स्लैब नहीं बढ़ाया गया है जिससे सराफा व्यवसायियों को निराशा हुई है। व्यवसायियों द्वारा इम्पोर्ट ड्यूटी में छूट की मांग की गई थी जो नहीं मिली है।

# लायंस क्लब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुंचाने का सशक्त माध्यम : अग्रवाल



कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला. विजय अग्रवाल ने अपनी तृतीय कैबिनेट बैठक का आयोजन अमरकंटक के कल्याण आश्रम में एलसीआईएफ एरिया लीडर ला. श्रवण कुमार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया जबकि इनके साथ डिस्ट्रिक्ट कु प्रथम महिला श्रीमती रेखा अग्रवाल, पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी, जयप्रकाश अग्रवाल, पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन, बसन्त मिश्रा, पुखराज बाफना, एम डी माखीजा, शैलेश अग्रवाल, प्रितपाल बाली, वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम रिपुदमन पुसरी, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ लायन मेलविंन जोन्स की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं लायंस ध्वज वंदना के साथ किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला. विजय अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब केवल सेवा संगठन नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सेवा कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और सहभागिता पर विशेष बल देते हुए कहा कि शिक्षा,

**खास बात**

- अमरकंटक में आयोजित हुई तृतीय कैबिनेट की बैठक

स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी कल्याण जैसे क्षेत्रों में लायंस क्लब की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी क्लबों से अधिक से अधिक स्थायी और प्रभावी सेवा परियोजनाएँ संचालित करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि एलसीआईएफ एरिया लीडर ला. श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में एलसीआईएफ के माध्यम से किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एलसीआईएफ के सहयोग से प्राकृतिक आपदा राहत, नेत्र चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य और जरूरतमंदों की सहायता के लिए विश्व स्तर पर सराहनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने सभी लायन सदस्यों से एलसीआईएफ में सक्रिय योगदान देने की अपील की। बैठक के दौरान डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न सेवा प्रकल्पों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्लबों व पदाधिकारियों को मल्टीपल व इंटरनेशनल की पिन के सांथ प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और लायंस सेवा भावना को नई दिशा देने वाली सिद्ध हुई इस अवसर पर रीजन चेयरमैन कैलाश नाथ गुप्ता जोन चेयरमैन पवन अग्रवाल के सांथ डिस्ट्रिक्ट टीम से सचिव वी के सिंह, कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, पीआरओ अजय धनोंदिया, विक्रम अग्रवाल, नीतू गुप्ता, गोपाल केडिया, अनिल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, दीपक माखीजा, सुशील मिश्रा, रोहित राजवाड़े, राकेश गोयल, दीपक गर्ग, नरेंद्र अग्रवाल, रविशंकर के साथ डिस्ट्रिक्ट के सभी रिजन चेयरमैन, जोन चेयरमैन व सभी क्लब के पदाधिकारि व सदस्य उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा माह संपन्न, 67 सौ से अधिक लोगों तक पहुंचा जागरूकता संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में जिलेभर के थाना एवं चौकी क्षेत्रों में संचालित किया गया। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कुल 27 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से लगभग 6705 नागरिकों को यातायात नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया।

सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर करतला से हाटी रोड पर विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें सड़क किनारे स्थित पेड़ों पर कलर एवं रेडियम पट्टियां लगाई गईं। इस अभियान में कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी स्वयं श्रमदान करते हुए शामिल हुए। उन्होंने पेड़ों पर रेडियम पट्टियां लगाकर यह संदेश दिया कि रात्रिकालीन समय में बेहतर दृश्यता से सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। जिला पुलिस द्वारा स्कूल-कॉलेजों में यातायात प्रशिक्षण में 2 हजार 820 विद्यार्थी लाभान्वित हुए, हेलमेट जागरूकता रैली में 150 नागरिकों की सहभागिता रही, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से 4 सौ से अधिक नागरिक को संदेश दिया गया। सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 1910 नागरिक लाभान्वित हुए, सड़क सुरक्षा पोस्टर अभियान हजारों लोगों तक संदेश पहुंचाया गया। इसी तरह यातायात नियमों का पालन करने वालों 350 नागरिकों को गुलाब वितरण किया गया वहीं स्कूली वाहनों की जांच कार्यवाही की गई।

### शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश

**कोरबा।** भारत सरकार, नीति आयोग के दिशा-निर्देशानुसार जिले में आकांक्षी जिला/विकासखण्ड कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संपूर्णता अभियान 2.0 की शुरुआत की जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर संबंधित विभागों को तय समय-सीमा में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के चयनित विकास सूचकांकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## संयंत्र और विभागों के सभी कार्यों को किया जा रहा है अपडेट

# बालको ने डिजिटल तकनीक से स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग को दी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने अपने संयंत्र और विभागों में डिजिटल तकनीक के उपयोग बढ़ावा दिया है। इसमें सप्लाई चेन, पॉटलाइन, कास्ट हाउस, रोल्ड प्रोडक्ट्स और कार्बन यूनिट शामिल हैं। इसका उद्देश्य काम को ज्यादा सुरक्षित, तेज, बेहतर गुणवत्ता वाला और पारदर्शी बनाना है। ये पहल प्रचालन दक्षता बढ़ाने, गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, सुरक्षा को मजबूत करने और सशक्त गवर्नेंस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई हैं, जो कंपनी की जिम्मेदार एवं सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में डिजिटल तकनीक का मतलब सिर्फ नई मशीनें या सॉफ्टवेयर लाना नहीं है, बल्कि पारदर्शिता, जिम्मेदारी और लगातार सुधार की संस्कृति बनाना है। इन पहलों से हमारी गुणवत्ता, सुरक्षा और गवर्नेंस मजबूत हुई है। वेदांता एल्युमिनियम का हिस्सा होने के नाते हम अपनी सभी प्रक्रियाओं में डिजिटल सिस्टम को शामिल कर रहे हैं ताकि भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार रह सकें। आज के समय में वैश्विक धातु उद्योग में डिजिटल तकनीक बहुत जरूरी हो गई है। बालको की यह पहल वेदांता के उस दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसके तहत भविष्य के लिए तैयार प्रचालन प्रणालियाँ तकनीक आधारित इंटेलिजेंस पर आधारित होनी चाहिए।



फाइल फोटो

गुणवत्ता और ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करने के लिए बालको ने क्वालिटी संकल्प ऐप शुरू किया है। इस ऐप से कर्मचारी शॉपफ्लोर पर ही गुणवत्ता से जुड़ी जानकारी रियल-टाइम में दर्ज कर सकते हैं। इससे समस्या को जल्दी पहचानकर तुरंत सुधार किया जा सकता है। इस ऐप में मशीनों की स्थिति और स्वास्थ्य, सुरक्षा व पर्यावरण (एचएसई) से जुड़ी जानकारियां भी दर्ज की जाती हैं। इससे प्रचालन उत्कृष्टता के लिए एक समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण सुनिश्चित होता है। कामकाज को और बेहतर बनाने के लिए बालको ने अपनी लैब और उत्पादन से जुड़ी कई प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण किया है। कोयला प्रयोगशाला को पूरी तरह डिजिटल कर दिया गया है, जिससे नमी, राख, सल्फर जैसे जरूरी टेस्ट अपने-आप रिकॉर्ड हो जाते हैं। इससे उत्पादन की गुणवत्ता और पर्यावरण से जुड़ा प्रदर्शन बेहतर होता है और सही फैसले लेने में मदद मिलती है। यह एकीकृत डिजिटल ढांचा संसाधन योजना, प्रक्रिया नियंत्रण और गवर्नेंस को सुदृढ़ करता है तथा संपूर्ण वैल्यू चेन में सूचित प्रचालन निर्णय लेने में सहायक बनता है। सुरक्षा के क्षेत्र में बालको ने एक डिजिटल कन्सीक्वेंस मैनेजमेंट पोर्टल शुरू किया है, जिसमें असुरक्षित काम, गलत परिस्थितियों और जोखिमों की जानकारी दर्ज की जाती है। इससे खतरे को समय रहते पहचानकर उस पर कार्रवाई की जाती है। इसके साथ ही, 24 गुना 7 कर्मचारी व्यवहार निगरानी प्रणाली के जरिए काम और वाहनों की आवाजाही से जुड़े जोखिमों पर लगातार नजर रखी जाती है।



23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411